# 2024

## HINDI — HONOURS

**Paper : CC-11**

**(Hindi Natak evam Ekanki)**

**Full Marks : 65**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**(हिन्दी नाटक एवं एकांकी)**

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×10

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक के दोनों शिष्यों के नाम बताइए।

(ख) 'स्कंदगुप्त' नाटक के किन्हीं दो पुरुष पात्रों के नाम लिखिए।

(ग) कालिदास किस नाटक का पात्र है तथा वह किस राजा का दरबारी कवि हैं?

(घ) 'कष्ट हृदय की कसौटी है, तपस्या अग्नि है'— कौन कह रहा है और किससे कह रहा है?

(ङ) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के किन्हीं दो पुरुष पात्रों के नाम बताइए।

(च) किन्हीं दो राजाओं के नाम बताइए जिन्हें माधवी से पुत्र लाभ हुआ?

(छ) 'और वह जा न सकी' किस विधा की रचना है तथा इसके किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(ज) 'भोर का तारा' एकांकी के रचनाकार कौन हैं तथा इसका प्रकाशन वर्ष क्या है?

(झ) आज ज़िंदगी की लड़ाई में हमें शिकस्त ही मिली, भारी शिकस्त– कौन, किससे कह रहा है?

(ञ) 'विषकन्या' के लेखक का नाम तथा प्रकाशन वर्ष बताइए।

2. किन्हीं *तीन* लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) 'अंधेर नगरी' व्यंग्य प्रधान प्रहसन है– टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'स्कंदगुप्त' नाटक की अभिनेयता पर प्रकाश डालिए।

(ग) रंगमंचीय दृष्टिकोण से 'आषाढ़ का एक दिन' का मूल्यांकन कीजिए।

(घ) 'विषकन्या' एकांकी के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए।

(ङ) 'भोर का तारा' एकांकी के उद्देश्य पर टिप्पणी लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'अंधेर नगरी' में व्यक्त तद्‌युगीन समस्याओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) 'स्कंदगुप्त' नाटक में व्यक्त ऐतिहासिकता एवं समकालीनता पर विचार कीजिए।

(ग) 'माधवी' नाटक में व्यक्त विद्रोही चेतना पर प्रकाश डालिए।

(घ) औरंगजेब के मनोवैज्ञानिक चरित्र-चित्रण में एकांकीकार कहाँ तक सफल हुआ है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर कालिदास और विलोम के चरित्र का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

———